IJARSCT

ISSN (Online) 2581-9429

International Journal of Advanced Research in Science, Communication and Technology (IJARSCT)

International Open-Access, Double-Blind, Peer-Reviewed, Refereed, Multidisciplinary Online Journal

Impact Factor: 5.731

Volume 8, Issue 1, August 2021

# उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले के बी.एड. शिक्षक प्रशिक्षुओं की सामाजिक बुद्धिमत्ता का अध्ययन

**मनोज कुमार श्रीवास्तव**

सहायक आचार्य

बी०एन०के०बी०पी०जी० कालेज, अकबरपुर (उ०प्र०)

manojbnkb@gmail.com

**सारांश:** बी.एड. प्रशिक्षुओं की सामाजिक बुद्धिमत्ता का अध्ययन करने के लिए वर्तमान जांच की गई। इस अध्ययन के लिए वर्णनात्मक शोध विधि के अन्तर्गत सर्वेक्षण प्रविधि का प्रयोग किया गया । शोध अध्ययन के लिए प्रदत्त संग्रहण करने के लिए यादृच्छिक नमूनाकरण तकनीक का उपयोग करके 300 बी.एड. प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। अन्वेषक द्वारा प्रदत्त संग्रहण के लिए डॉ. एन.के. चड्ढा और उषा गणेशन (2009) द्वारा निर्मित एवं मानकीकृत सामाजिक बुद्धिमत्ता मापनी का उपयोग किया गया। वर्तमान अध्ययन के निष्कर्षो से पता चला कि बी.एड. के शहरी प्रशिक्षुओं एवं बीएड के ग्रामीण प्रशिक्षुओं की सामाजिक बुद्धि में कोई अन्तर नहीं पाया गया, बी.एड. के पुरुष प्रशिक्षुओं एवं बीएड की महिला प्रशिक्षुओं की सामाजिक बुद्धि में कोई अन्तर नहीं पाया गया एवं बी.एड. के कला वर्ग के प्रशिक्षुओं एवं बीएड के विज्ञान वर्ग के प्रशिक्षुओं की सामाजिक बुद्धि में कोई अन्तर नहीं पाया गया ।

**प्रमुख शब्द – सामाजिक बुद्धिमत्ता, शिक्षक प्रशिक्षु, बी.एड.**